हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 22 जनवरी 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]




शहर के हनुमान मंदिर में होगा 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ निकाली जाएगी शोभा यात्रा

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राममय हुआ जशपुरनगर

अलग खबर

**जशपुरनगर**। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जशपुर में हर्षोल्लास का माहौल है। ऐसे में सोमवार को होने वाले महोत्सव को लेकर जशपुर नगर सहित पूरे जिले में भी जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। पूरा जशपुर राममय हो गया है। सभी राम की भक्ति में लीन हो गए हैं।

शासन-प्रशासन द्वारा भी कई आयोजन किए जा रहे है। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रशासन के सहयोग से जशपुर शहर स्थित रणजीता स्टेडियम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सीधा प्रसारण किया जाएगा। जिसके लिए एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है, जिससे हजारों लोग एक साथ सीधा प्रसारण देख सकेंगे। प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। इस दिन का सभी लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस दिन को जशपुर जिले में महापर्व के रूप में मनाया जाएगा। सभी घरों व मंदिरों में पूजा पाठ व दीपोत्सव किया जाएगा। इस अवसर पर जशपुर बजारडांड़ स्थित लक्ष्मी गुड़ी मंदिर से प्रातः 8 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। इसके आलावा शाम को बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ, श्रृंगार एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्रीराम लला के इस भव्य महोत्सव को लेकर जिला भर के सभी मंदिर भवनों को रंगबिरंगी लडियों से सजाया गया है। वहीं मंदिर भवनों में दीप उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें शहर स्थित बालाजी मंदिर, हनुमान मंदिर, कृष्ण मंदिर सहित अन्य मंदिर शामिल हैं। शहर के सभी मार्गो में ध्वज व भगवान राम के प्रतिमा स्वरूप फ्लेक्स लगाए जा गए है। यहां पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। भजन मंडलियां सुंदरकाण्ड पाठ सहित भजन गायन की प्रस्तुति देंगे। रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर हर वर्ग में उत्साह देखा जा रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।



## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज, जिले के सभी मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

आज अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को दिव्यताओर भव्यता देने के लिए पूरे जशपुर में सभी मंदिरों में अलग अलग कार्यक्रम किए जा रहे है। धर्मावलंबी अपने अपने तरीके से भगवान राम की आराधना व उपासना कर रहे हैं।

जशपुर स्थित बालाजी भगवान मंदिर में कल सुबह से ही रामनाम गूंजने लगेगा। सुबह से श्रद्धालु भजन कीर्तन करेंगे। शाम को सुंदरकांड का पाठ होगा। रात में मंदिर प्रांगण को दीपों से सजाया जाएगा। शहर के बीच स्थित बजरंगबली मंदिर को फूल मालाओं से सजाया जा रहा है। मंदिर में 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारा लगेगा।जशपुर के मधुबन टोली गोपाल नगर में राम जानकी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पिछले दो दिन से चल रही है। कल मधुबन टोली गोपालनगर से रैली निकलेगी जो शहर का भ्रमण करेगी। भ्रमण पश्चात मंदिर में वापस आकर पूजा पाठ का कार्यक्रम होगा।

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

### युवक का रास्ता रोककर लूट लिए डेढ़ लाख व सोने की चेन

**अंबिकापुर**। युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने और सोने का चैन व डेढ़ लाख रुपए की लूट करने की शिकायत पुलिस से की गई है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता युवक चठिरमा निवासी विशाल व्यापारी ने बताया कि दो दिनों पूर्व वह अपने परिवार के सदस्यों को लेकर किसी काम से जा रहा था इस दौरान मनीष व विनीत नामक दो युवकों ने गाली गलौज कर उसे रोकने का प्रयास किया गया। परिवार के सदस्य साथ होने के कारण युवक ने उस समय वाहन नहीं रोका। युवक का आरोप है कि दोनों ने आज वह घर से महाजन को देने के लिए डेढ़ लाख रुपए लेकर निकला था। इस दौरान उसे अकेला देखकर भगवानपुर में रास्ता रोककर पकड़ लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। युवकों ने उसके पास मौजूद डेढ़ लाख रुपए और सोने के चेन की लूट कर ली। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से करने के साथ ही कार्रवाई की मांग की है।

### रेत लोड ट्रैक्टर से गिरकर कुचला युवक, मौके पर हुई मौत

**सीतापुर**। बालू लोड ट्रैक्टर से गिरकर पहिए के नीचे दबने से मजदूर युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक अमित खाखा शुक्रवार की रात लगभग आठ बजे ट्रैक्टर में रेत लोडकर जूनापारा मंगारी की ओर जा रहा था। ट्रैक्टर पर चालक के बगल में सोनू खाखा व राजेंद्र एक्का भी बैठे हुए थे। इस दौरान ट्रैक्टर की रफ्तार अधिक थी और जैसे ही ट्रैक्टर बनेयाटिकरा मंगारी पुलिया के समीप पहुंचा तेज रफ्तार ट्रैक्टर के उछलने से राजेंद्र एक्का अपना संतुलन खो बैठा और सड़क पर गिर गया। सड़क पर गिरते ही ट्रैक्टर का पहिया राजेंद्र एक्का के सिर पर चढ़ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को आज पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक शादी शुदा था और मजबूरी करके अपना जीवन यापन करता था। युवक की मौत से परिजन सदमें में है।

### कलयुगी पुत्र ने की पिता की हत्या, मर्ग कायम

**अम्बिकापुर**। मेला घूमने के लिए धान बेचकर पैसा नहीं देने पर कलयुगी पुत्र ने पिता की हत्या कर दी। आरोपी पुत्र ने पहले डंडे से पिता की पिटाई की और फिर धारदार हथियार से वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को जांच उपरान्त गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चंगारो निवासी अजय पैकरा ने अपने पिता रघुराम पैकरा की घर में बेदम पिटाई कर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी।

### ग्राम पंचायत बेंजोरा, तिलंगा, खुटेरा सहित कई ग्रामों में शिविर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर वर्ग के लोग हो रहे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ प्राप्त आवेदनों का त्वरित हो रहा निराकरण, मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

आमजनों को राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित करने का सिलसिला जारी है। जिले भर में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को लाभन्वित किया जा रहा है। जिसमें हर वर्ग के लोग शामिल है, जिन्हें विभिन्न योजनाओं सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिल रही है।

यात्रा के तहत जिले के सभी विकासखंडों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में रविवार को यह यात्रा मनोरा के ग्राम पंचायत बेंजोरा, कुनकुरी के बंसतटाला, दुलदुला के ग्राम पंचायत मयूरचुन्दी, ग्राम मकरिबंधा कांसाबेल के तिलंगा और ग्राम खुटेरा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में पहुंची। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। ग्राम पंचायत खुटेरा, तिलंगा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों का टीबी. स्क्रीनिंग, हेल्थ चेकअप व सिकलसेल टेस्ट भी की गई। आमजनों को राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही मौके पर उज्जवला योजना, आवास योजन, केसीसी सहित अन्य योजनाओं से पात्र हितग्राही को लाभन्वित किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में सिकलसेल, एनसीडी की जांच भी की जा रही है। किसानों को ड्रोन के जरिए खाद व कीटनाशक छिडक़ाव की विधि, कृषि कार्य में जैविक खाद एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी तहत जिले के प्रमुख आदिवासी आबादी वाले क्षेत्रों में सिकल सेल रोग के लिए प्वाइंट ऑफ केयर परीक्षणों के माध्यम से या विलेयता परीक्षण, कार्बन टेट्राक्लोराइड परीक्षण के माध्यम से सिकल सेल रोग का पता लगाने के लिए पात्र आबादी की जांच की जा रही है। बीमारी का पता लगने पर आगे इलाज के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा जा रहा है। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव-गांव में पहुंचकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से न सिर्फ जानकारी दे रहे बल्कि शत-प्रतिशत लाभन्वित भी किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं।



## छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा पर रामरेखा धाम में रुके थे भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण

■ माता सीता ने लक्ष्मण के लिए जिस चूल्हे पर पकवान बनाया था उसमें आज भी आग की गर्माहट है



जिला मुख्यालय से लगभग 25 से 30 किलोमीटर और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर झारखंड के सिमडेगा जिले में रामरेखा धाम स्थित है। ऐसी मान्यता है कि 14 साल के वनवास के दौरान भगवान राम, मता सीता और लक्ष्मण इस स्थान पर रुक कर कुछ समय बिताए थे।

स्थानीय लोगों की मान्यता है की बड़ी बड़ी शिलाओं से ढंके गुफा के अंदर छत पर लकीरें खींची गई हैं और ये लकीरें स्वयं भगवान राम ने खींची है। यही कारण है की इसे रामरेखा धाम के नाम से जाना जाता है। माता सीता ने लक्ष्मण के लिए जिस चूल्हे पर पकवान बनाया था उसमें आज भी आग की गर्माहट है। जिसे सीता चूल्हा के नाम से जाना जाता है। इसी पहाड़ी पर धनुष कुंड और गुप्त गंगा स्थित है।जिसका पानी कभी कम नहीं होता, न ही आजतक इसकी गहराई नापी जा सकी है। इसके पानी का उपयोग पूजा पाठ व स्नान के लिए किया जाता है। प्रत्येक कार्तिक पूर्णिमा और माघ में यहां मेले का आयोजन होता है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है। धाम के संत रमाकांत महाराज बताते है कि धाम के समीप स्थित गुफा में आज भी पांच ऋषि अदृश्य रूप से तपस्या में लीन है। रामरेखा गुफा पहले अग्निजिह्वा मुनि का आश्रम थी। भगवान राम के पहुंचने पर मुनियों से भेंट हुआ था।

## 170 स्कूली बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में प्रथम चरण में 170 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इसमें प्राथमिक स्तर के विशेष आवश्यकता वाले बच्चे एवं राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गणित और विज्ञान विषयों में रूचि रखने वाले सामान्य बच्चे शामिल थे। शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई जिसमें एक बस में सामान्य बच्चों एवं दूसरे में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की बैठने की व्यवस्था की गई थी जिसे एसडीम लक्ष्मण तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल, डीएमसी शशिकांत सिंह, सहायक संचालक रविन्द्र सिंहदेव भी उपस्थित थे। भ्रमण दल में बच्चों के साथ सभी विकासखंड के बीआरपी, संबंधित बच्चों के विद्यालयों के शिक्षक एवं दिव्यांग बच्चों के पालक शामिल रहे।

## तमिलनाडु में मृत दुलदुला के ग्रामीण का लाया गया शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ परिजन को मुख्यमंत्री की पहल से मिली बड़ी राहत

तमिलनाडु में रोड क्रॉसिंग के दौरान वाहन की चपेट में आ जाने से जान गवाने वाले दुलदुला थाना क्षेत्र के बांसपतरा ग्राम पंचायत भूष्डीटोली चराइडांड गांव के निवासी चंद्रदेव चौहान के परिजन को मुख्यमंत्री की पहल पर बड़ी राहत मिली। मृतक के शव को तमिलनाडु के नमाकल से गृह ग्राम बांसपतरा तक लाने के लिए निशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बांसपतरा निवासी चंद्रदेव चौहान पिता फुलचंद चौहान तमिलनाडु गया हुआ था। मृतक के भाई देवनाथ चौहान ने बताया कि 17 जनवरी को तमिलनाडु के नमकाल में रोड क्रॉसिंग के दौरान भारी वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गईं थी। घटना के बाद मृतक के परिजन के सामने शव को तमिलनाडु से गृह ग्राम बांसपतरा तक लाने की थी। निजी शव वाहन के संचालक किराए के लिए मोटी रकम मांग रहे थे। ऐसे मे मृतक के परिजन देवनाथ और सुंदरदेव चौहान ने सहायता के लिए बगिया स्थित सीएम निवास से सम्पर्क किया।

सीएम निवास ने सहायता के लिए पहल करते हुए रायपुर के स्वास्थ्य अधिकारियों से सम्पर्क कर, निशुल्क शव वाहन की व्यवस्था कराई है। देवनाथ और सुंदर चौहान ने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## सहायक शिक्षक के अमर्यादित व्यवहार पर विद्यालय के प्रधान पाठक निलंबित

**जशपुर**। शासकीय प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के शराब पीकर व अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर अशलील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में विभागीय जांच उपरांत विद्यालय के प्रधान पाठक जीवन साय पैंकरा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, शासकीय प्राथमिक शाला बिमड़ा के सहायक शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी द्वारा शराब पीकर विद्यालय में उपस्थित हुए व दोपहर 3 बजे विद्यालय में अध्ययनरत 5वीं कक्षा के छात्र मनोहर सिंह पिता प्रेमनाथ सिंह को अपने चचेरे भाई बीनू राम सूर्यवंशी के साथ मारपीट, अमर्यादित गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दिया। प्रधान पाठक जीवन साय पैंकरा द्वारा बिना पूर्व सूचना व अवकाश स्वीकृत कराए बगैर विद्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई। मामले की सूचना होने के बाद भी प्रधानपाठक द्वारा उक्त घटना के संबंध में अपने उच्चाधिकारी को अवगत नहीं कराया गया। उक्त कृत्य छग सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड कांसाबेल, जिला जशपुर होगा। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# भुगतान के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में उमड़ रही किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

किसानों की परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। फसल लगाने के समय मौसम की मार से किसान वैसे ही परेशान थे तो वहीं खाद बीज के लिए भी किसानों को समितियों के चक्कर लगाने मजबूर थे। किसानों ने कड़ी मशक्कत के बाद धान की पैदावार कर उपार्जन केन्द्रों में अपनी धान का विक्रय किया तो अब अब उन्हें बिक्री की गई धान की राशि के लिए बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है। विकासखंड लखनपुर क्षेत्र के 9 धान उपार्जन केन्द्रों के पंजीकृत किसानों को लखनपुर स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा से भुगतान होने पर हर रोज किसानों की भीड़ उमड़ी है। आसपास गांव के बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने से बैंक के सामने सुबह से लेकर शाम तक भीड़ होती है जिससे न सिर्फ जाम की स्थिति निर्मित होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।



बैंक के सामने किसानों की भीड़।

लखनपुर पैलेस रोड में स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा लखनपुर में प्रतिदिन यहां पंजीकृत किसान खातेदार पैसा आहरण करने काफी संख्या में बैंक आते हैं। शासन किसान के लिए लाख वादे किए है परंतु किसानों की परेशानी दूर होने का नाम नहीं ले रहा। किसान कभी खाद बीज, धान बिक्री या फिर बैंक से पैसा आहरण करने परेशानियों सामना करना पड़ता है।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का छठवां दिन

# भगवान कृष्ण व रूकमणी विवाह की सुनाई कथा, भक्तों ने निकाली बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

श्रीमद भागवत कथा कटंगतराई, तिलडेगा रोड, पत्थलगांव में चल रहा है। जहां रोजाना भागवत कथा के भजन में महिलाएं खूब थिरक रहीं हैं। कथा वाचक आचार्य रामानुग्रह शास्त्री है जो जबलपुर वृंदावन से आकर भक्तों को श्रीमद भागवत कथा सुना रहे है।

उन्हें सुनने के लिए दूर दूर से श्रोता आ रहे है। कथा वाचक अनुग्रह शास्त्री ने श्रीमद भागवत कथा की बात सुनाते हुए अनेक महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने कहा कि हमें सभी धर्मों की इज्जत करनी चाहिए। हिन्दू धर्म की बात कहते हुए कहा कि हमारे धर्म की बड़ी विशेषता है। हमारे धर्म में विश्व के कल्याण की बात कहते है। हम सभी के कल्याण की बात कहते है। सभी लोग खुश रहे, खुशहाल रहे।

कंस को मारने उसे तार देने की बात को अपने भजन के जरिए भक्तों को गाकर बताया। रविवार के श्रीमद भागवत कथा में श्री कृष्ण विवाह के कथा सुनाई। उन्होंने श्रीकृष्ण के रुक्मिणी से विवाह के बारे में विस्तार से वर्णन किया शाम को कथा के दौरान ही ढोल मंजीरे की थाप में भवगान श्री कृष्ण की बारात निकाली। जिसमें कृष्ण बांसुरी लिए दिखे। वहीं भक्तों ने भी बारात में शामिल होकर पहुंचे और कथा स्थल में कृष्ण रुक्मणि का विवाह संपन्न हुआ। जहां सभी भक्तों ने फूल की वर्षा की। भागवत कथा सुन रहे पवन शर्मा ने कहा कि भागवत कथा सुना रहे आचार्य की आवाज बहुत ही मीठी है। उनके द्वारा सुनाए जा रहे कथा को सुन कर आनन्द की अनुभूति होती है। उनके द्वारा गाए भजन को सुनकर बहुत ही अच्छा लगा। अनुग्रह शास्त्री ने कहा कि 22 जनवरी का दिन देश वासियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। हम सभी अपने घरों को खूब सजाए, रंगोली बनाए, घरों में तोरण लगाए, गंगा जल घर में छिड़के और दीप जलाकर सीताराम सीताराम का जाप करे। भजन करें। इस दिन की प्रतीक्षा में बहुत लोगों ने अपना बलिदान दिया है। तब जाकर कल मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह हो रहा है।




## आई मोबाइल एप डाउन लोड कराकर 1 लाख की ठगी

**अम्बिकापुर**। साइबर ठगी के मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झारखंड से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवक से क्रेडिट कार्ड का पेनल्टी ड्यू होने का हवाला देकर 1 लाख रुपए से अधिक की ठगी कर ली तो वहीं दूसरे मामले में फर्जी लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड से 2.39 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के केदारपुर मिशन हॉस्पिटल रोड निवासी 40 वर्षीय रितेश कुमार गुप्ता आ. स्व. बंशीधर गुप्ता के 23 दिसंबर को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर खुद को बैंक अधिकारी बताया गया। कथित बैंक अधिकारी ने रितेश कुमार गुप्ता को क्रेडिट कार्ड का पेनल्टी ड्यू होने की बात कहकर भुगतान के लिए आई मोबाइल एप डाउनलोड कराया गया और एप के माध्यम से अलग अलग ट्रांजैक्शन में उसके खाते से 1 लाख 380 रुपए की ठगी कर ली गई। ठगी की जानकारी होने के बाद 28 दिसंबर को युवक द्वारा पुलिस के समक्ष मामले की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला व एसडीओपी ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को झारखंड रवाना किया गया था और पुलिस ने झारखंड में घरबंदी कर देवघर के मोहनपुर तीनघारा निवासी 20 वर्षीय मुन्ना कुमार सिंह आ. सुन्दर सिंह को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 50 हजार रुपए नगद व घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है।

21 Jan-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 1/21/2024 7:34 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बॉफ्टा अवॉर्ड्स में ओपेनहाइमर की धूम, बार्बी को छोड़ा पीछे



**लंदन।** ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवाड्र्स (बाफ्टा) 2024 के नामांकन की घोषणा 18 जनवरी को कर दी गई। क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी 'ओपेनहाइमर' और 'पुअर थिंग्स' अवॉड्र्स की रेस में सबसे आगे नजर आ रही हैं। ओपनेहाइमर ने 13 नामांकन हासिल किए। वहीं, 'पुअर थिंग्स' ने 11 नामांकन के हासिल करने में कामयाबी पाई। उनके बाद 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' और 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' को नौ कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया। वहीं, 'बार्बी' को केवल पांच नामांकन मिले हैं। लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित नामांकन कार्यक्रम की मेजबानी डेविड टेनेंट ने की। नामांकन कार्यक्रम में ओपनेहाइमर की धूम नजर आई। हालांकि, बार्बी को काफी कम श्रेणियों में नामांकित किया गया। इन फिल्मों के अलावा 'साल्टबर्न', 'नेपोलियन', रोमांटिक कॉमेडी 'राई लेन' और 'वोंका' भी नामांकम पाने में सफल रही। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए ब्रैडली कूपर (मेस्ट्रो) , कोलमैन डोमिंगो (रस्टिन), पॉल जियामाटी (द होल्डओवर्स), बैरी केओघन (साल्टबर्न), सिलियन मर्फी (ओपेनहाइमर) और टीओ यू (पास्ट लाइव्स) को नामांकित किया गया। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के अवॉर्ड के लिए फैंटासिया बैरिनो (द कलर पर्पल), सैंड्रा हॉलर (एनाटॉमी ऑफ ए फॉल), केरी मुलिगन (मेस्ट्रो), विवियन ओपरा (राई लेन) मार्गोट रोबी (बार्बी) एम्मा स्टोन (पूअर थिंग्स) अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

### टॉलीवुड

## प्रभास के फैंस को जल्द देखने को मिल सकती है 'सालार 2'



**चेन्नई।** प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म 'सलार' बीते साल के आखिरी महीने में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर 'डंकी' के साथ टक्कर होने के बाद भी फिल्म ने जमकर नोट छापे। जनवरी के महीने में भी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन भी नजर आए हैं। अब अभिनेता के फैंस के लिए 'सलार 2' को लेकर बड़ा अपडेट आया है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'सलार' एक बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है और फिल्म के मेकर्स ने अच्छा मुनाफा कमाया है। प्रभास के प्रशंसक अपने स्टार हीरो को दमदार वापसी करते हुए देखकर रोमांचित हैं।अब सबकी नजरें फिल्म के दूसरे पार्ट पर हैं, जिसे लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। इस खबर को सुन अभिनेता के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। खबर है कि अभिनेता प्रभास ने निर्देशक प्रशांत नील से जल्द से जल्द दूसरे भाग की शूटिंग शेड्यूल करने का अनुरोध किया है। प्रभास जल्द ही सीक्वल खत्म करके अपनी अगली फिल्म स्पिरिट पर काम करना चाहते हैं। इसी बीच यह भी खबर है कि प्रशांत नील ने दूसरे भाग का लगभग 40% हिस्सा पहले ही पूरा कर लिया है। होम्बले फिल्म्स ने इस फिल्म का निर्माण किया था, जिसमें रवि बसरूर ने संगीत दिया है। वहीं, पिछले दिनों 'सलार' की टीम ने जोरों-शोरों से फिल्म की सफलता का जश्न मनाया। निर्माताओं ने बेंगलुरु के एक लक्जरी होटल में एक सक्सेस पार्टी आयोजित की, जिसमें फिल्म के सभी अभिनेताओं और क्रू की मेजबानी की थी। 'सलार' प्रभास के करियर के लिए भी संजीवनी साबित हुआ है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित मास एक्शन 'सलार' ने दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

### भोजपुरी

## 'दुल्हा राजा' ने ऑनलाइन मचाई धूम, 26 को दर्शकों से होगी रूबरू



**रायपुर।** आगामी 26 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म दुल्हा राजा के गाने और ट्रेलर सोशल मीडिया पर अब ट्रेंडिंग में आ चुके है , रील्स पर लगभग 50 लाख व्यूज से भी ज्यादा आ चुके हैं। फिल्म के हर गाने को लाखों में देखा जा रहा है और रोजाना व्यूज तेजी से बढ़ रहे हैं , साथ ही फिल्म के ट्रेलर ने धूम मचा रखा है। एक ही दिन में एक लाख व्यूज जाने के बाद अब विवरशिप लाखों में जा चुकी है सभी कलाकारों के इंटरव्यूज अब सोशल मीडिया में अरण्य सिनेमा के चैनल में देखे जा सकते हैं। अरण्य सिनेमा के बैनर तले फिल्म " दूल्हा राजा " का निर्माण किया गया है , जिसके निर्माता निर्देशक राज वर्मा हैं। छत्तीसगढ़ी सिनेमा में हर विधा में दखल रखने वाले राज वर्मा की यह चौथी फिल्म है। राज वर्मा लेखन से लेकर सिनेमा चलाने तक का अनुभव रखते हैं। बतौर अभिनेता नृत्य में पारंगत हैं और कराटे के मास्टर रहे हैं। अभिनेता के तौर पर सिनेमा में भी काम कर चुके हैं। इस फिल्म को सिनेमाघरों में छत्तीसगढ़ की जनता 26 जनवरी से देख पाएंगी। इस फिल्म में आठ अलग अलग विधा के खूबसूरत गाने हैं , जिसमे कर्मा , बिदाई , गोद भराई , मेहंदी , जस गीत और रैप सांग के साथ राज गीत जैसी पारम्परिक छत्तीसगढ़ महतारी जैसा गाना भी है । इस फिल्म के स्टार कास्ट में राज वर्मा , काजल सोनबेर , मनमोहन सिंह ठाकुर , अंशु दास मानिकपुरी, संजय महानंद , हेमलाल कौशल , शैलेन्द्र भट्ट , प्रदीप शर्मा , उपासना वैष्णव , अनुराधा दुबे , क्रांति दीक्षित , सोहैल खान , मनीषा वर्मा , दिव्या नागदेवे , राखी सिंह, राकेश यादव , अनुपम वर्मा, प्रकाश साहू और राजू शर्मा शामिल हैं।


फिल्म की कथा , पटकथा , संवाद- राज वर्मा ने लिखा है , संगीत सुनील सोनी का है गीतकार सूर्यकांत तिवारी , दिलीप पटेल और चंद्रप्रकाश भारद्वाज है।

---

पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में मेन्सवियर रेडी-टू-वियर फ़ॉल-विंटर 2024/2025 कलेक्शन के लिए 18 जनवरी की शाम पेरिस में प्रख्यात डिजाइनर इस्से मियाके का कलेक्शन मॉडल ने पेश किया। दर्शकों ने इन कलेक्शन के प्रति उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी। पैलैस डे टोक्यो में इस्से मियाके ने पेरिस फैशन वीक के प्रदर्शन में फैशन को रोनन बॉरौलेक के चित्रों के साथ जोड़ा , जिससे एक सफेद रनवे पर रंगों से भरपूर काव्यात्मक संग्रह तैयार हुआ।





## अपने आप टूट रहे हैं नाखून तो ऐसे रखें इनका ध्यान



नाखूनों का ध्यान रखने के कुछ सिंपल टिप्स जानना जरूरी है। कई बार नाखून टूटने की शिकायत होती है। इससे भी बचाव संभव है। जरूरी है कि सर्दी के इस मौसम में हमेशा दस्ताने पहन कर रखें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो सर्द हवाओं की वजह से आपके नाखून कमजोर होकर अपने आप ही टूटने लगेंगे। लगभग सभी लोग सर्दी के इस मौसम में गर्म पानी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में नाखून काफी ज्यादा कमजोर होने लगते हैं। अगर आपके नाखून में कमजोर हो रहे हैं तो इन्हें गर्म पानी से दूर रखें। अगर आप अपने नाखूनों को अंदर से मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनकी हर रोज मालिश करें। इसके लिए आपको बस नारियल या बादाम का तेल लेना है, और उसकी मदद से हल्के हाथ से नाखूनों की मालिश करनी है। हाथों के साथ-साथ नाखूनों को पोषण देने में भी हैंडक्रीम काफी अच्छा काम करती है। ऐसे में सर्दी के मौसम में समय-समय पर हैंडक्रीम का इस्तेमाल करें। अगर आप सर्दी के इस मौसम में आप अपने नाखूनों के क्यूटिकल को साफ नहीं रखेंगे, तो इससे गंदगी जमा होती जाएगी। इसी गंदगी की वजह से नाखून कमजोर हो जाते हैं और टूटने लगते हैं।


## वेडिंग रेडी लुक पाने के लिए परफेक्ट रहेंगे आसान ब्रेड हेयर स्टाइल्स



अपने लुक को कम्प्लीट करने के लिए हेयर स्टाइल का रोल अहम होता है और फेस्टिव सीजन में बालों को खास लुक देने के लिए ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। फ्रंट ब्रेड हेयर स्टाइल में बालों को फ्रंट से सेट करना चाहती हैं 4 से 6 ब्रेड बनाकर आप इसे बोक पिंस की मदद से कर सकती हैं। इस तरह के हेयर स्टाइल के साथ आप छोटे-छोटे बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं और हेयर एक्सेसरीज की मदद से अपने लुक को कम्प्लीट कर सकती हैं। अगर आपको फेस्टिव सीजन में ब्रेड में ट्विस्ट देना है तो इस तरह के आधे बालों में केवल फ्रेंच डिजाइन की ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। वहीं आगे आपके बाल कलर हुए हैं तो इसकी लुक और भी ज्यादा खिलकर लेयर बाई लेयर निकलकर सामने नजर आएगी। सबसे आसान लेकिन देखने में थोड़ी सी मुश्किल जरूर नजर आती है यह वॉटर फॉल स्टाइल ब्रेड। वहीं बालों को आकर्षक लुक देने के लिए इसमें आप कलरफुल थ्रेड्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

## सर्दियों में प्लीटेड स्कर्ट को आसान तरीकों से करें स्टाइल

फैशन








सर्दियों के मौसम में किसी भी आउटफिट्स को स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें समझ नहीं आता की उसके साथ ऐसा क्या गर्म कपड़े को स्टाइल करें, ताकि आप स्टाइलिश भी लगे और सबसे अलग भी नजर आए। जब बात आती है प्लीटेड स्कर्ट को वियर करने की तो इसके लिए आप इस आर्टिकल में बताए गए टिप्स को ध्यान में रख सकती हैं। इससे आपका लुक भी परफेक्ट लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा।

**लॉन्ग कोट के साथ करें स्टाइलः** स्कर्ट पहनने के बारे में सोच रही हैं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप लॉन्ग कोट के साथ इसे वियर कर सकती हैं। इसमें आपको ड्रेस के कॉन्ट्रास्ट में अपने लिए कोट लेना होगा। जिसे आप इसके साथ स्टाइल कर सके। इसके बाद आप चाहें तो बेल्ट को एड कर सकती हैं, ताकि कोट के साथ लुक में थोड़ा ग्रेस आ सके। लॉन्ग कोट आपको मार्केट में काफी सारे मिल जाएंगे जिन्हें आप 500 से 1000 रुपये में खरीद सकती हैं।

**हाईनेक के साथ करें स्टाइलः** अगर आपको स्कर्ट के साथ कुछ कोट या स्वेटर वियर नहीं करना है तो आप स्कर्ट के साथ हाईनेक (शहनाज गिल के साड़ी लुक्स) को पेयर कर सकती हैं। आजकल काफी फैंसी डिजाइंस की हाई नेक मिल जाती है, जो पहनने में भी अच्छी लगती हैं और लुक को क्लासी बनाती हैं। इसके साथ पहनकर आप स्कर्ट ऑफिस भी जा सकती हैं। मार्केट में ये हाईनेक आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

**बूट्स करें वियरः** स्कर्ट में कम्फर्टेबल रहने के लिए आपको फुटवियर भी वियर करने पड़ेंगे। ऐसे में आप लॉन्ग बूट्स को स्टाइल (विंटर आउटफिट टिप्स) कर सकती हैं। यह काफी स्टाइलिश लगते हैं। आजकल के फैशन ट्रेंड में भी काफी चल रहे हैं। इसमें आपको ब्लैक, ब्राउन, लाइट ग्रे यहां तक की व्हाइट कलर भी मिल जाएंगे। जिसे आप स्कर्ट के कलर से मैच करके पहन सकती हैं। इन टिप्स की मदद से आप प्लीटेड स्कर्ट को स्टाइल कर सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार



सर्दी का मौसम चल रहा है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस मौसम में स्किन का सही से ध्यान ना रखा जाए तो त्वचा में कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखने के लिए ज्यादातर लोग घर पर ही स्किन केयर करते हैं। घर पर स्किन केयर करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि जब हम घर पर स्किन केयर करते हैं, तो कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो हम कर देते हैं, क्योंकि इनके बारे में हमें पता नहीं होता है। इन गलतियों की वजह से स्किन केयर का हमारी त्वचा पर काफी गलत असर भी पड़ने लगता है।

### सनस्क्रीन ना लगाना

अक्सर लोग ऐसा सोचते हैं, कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल क्यों ही करना? लेकिन क्या आप जानते हैं, कि गर्मी की तरह ही सर्दी के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है।

### सही स्किन टाइप का ना जानना

सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### स्किन केयर रूटीन की अधिकता

सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

स्किन केयर रूटीन परिवर्तन ना करना

समय के साथ स्किन चेंज हो सकती है।

## नई बहू के पैरों में खूब जचेंगे बिछिया के ये डिजाइंस



दुल्हन के श्रृंगार में सिर से लेकर पांव तक ढेरों गहने लग जाते हैं। अधिकांश लोगों का ध्यान केवल उन गहनों पर जाता है जो आसानी दिख जाते हैं, मगर पैरों में पहने जाने वाली बिछिया का भी बहुत महत्व है। महत्व के साथ-साथ अब यह फैशन का भी हिस्सा बन चुकी है। इसलिए बाजार में आपको एक से बढ़कर एक बिछिया की डिजाइंस नजर जा जाएंगी।

**मल्टी कलर स्टोन बिछिया डिजाइन :** आजकल बाजार में जंक ज्वेलरी की ढेरों डिजाइंस और पैटर्न दिख जाएंगे, प्योर सिल्वर में भी आपको जंक स्टाइल ज्वेलरी देखने को मिल जाएगी। जंक ज्वेलरी में आपको टो रिंग भी मिल जाएगी। इस तरह की टो रिंग में आपको मल्टी कलर स्टोन वर्क मिल जाएगा, जो दिखने में बहुत ही खूबसूरत लगता है।

**वेस्टर्न स्टाइल टो-रिंग डिजाइन :** आपको सुनकर शायद अजीब लग रहा होगा मगर अब वेस्टर्न लुक एंड फील वाली टो-रिंग भी बाजार में आ रही हैं। इसमें आपको इंग्लिश डिजाइंस देखने को मिलेंगी। यह ट्रेडिशनल बिछिया से बहुत ही अलग नजर आती हैं और बहुत ज्यादा लाइट वेट होती हैं। बहुत सारी महिलाओं को बिछिया पहनने में हिचकिचाहट होती है क्योंकि जूते के अंदर जब वह बिछिया पहनती हैं, तो वह उन्हें चुभती हैं और असहज महसूस कराती हैं।

**अनकट डायमंड टो-रिंग डिजाइनः** अनकट डयमंड ज्वेलरी काफी समय से ट्रेंड में है। पहले तो केवल नेकलेस सेट में ही इस तरह की डिजाइंस देखने को मिलती थीं, मगर अब आपको टो-रिंग में भी अनकट डायमंड लुक मिल जाएगा। इतना ही नहीं, आपको इसमें कलरफुल अनकट डायमंड वाली टो-रिंग भी मिल जाएगी। आप इसे किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं।

इसमें आपको हैवी और लाइट दोनों तरह की डिजाइंस मिल जाएंगी। आप 2 फिंगर टो-रिंग सेट भी कैरी कर सकती हैं। इसके लिए आप एक फिंगर में हैवी और एक में लाइट वेट और डिजाइन की बिछिया पहनें।

कार्नर न्यूज

### अभिनेताओं के लेटेस्ट फैशन से ले सकते हैं प्रेरणा, खूब जमेगी ड्रेस

## राष्ट्रीय पर्व पर पहनें पारंपरिक परिधान, गर्व की अनुभूति और स्टाइलिश दिखेगा लुक

*गणतंत्र दिवस का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास है। ये दिन देशभर में 26 जनवरी को बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन सन 1950 में भारत संघ का संविधान लागू हुआ था, जिससे भारत गणराज्य बन गया। इस दिन को लोग ऊर्जा और जोश के साथ मनाते हैं। गणतंत्र दिवस के दिन तमाम स्कूलों और दफ्तरों में झंडा फहराया जाता है। इस दिन को मनाने के लिए लोग तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। जगह-जगह पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। अगर आप भी इस दिन खास तरह से तैयार होना चाहते हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं।*



फिल्म जगत में कई ऐसे अभिनेता हैं, जिनके पास एथनिक का काफी शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप इन्हीं अभिनेताओं से टिप्स लेकर गणतंत्र दिवस के दिन तैयार हो सकते हैं। इन अभिनेताओं की लिस्ट में कार्तिक आर्यन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन शामिल हैं।

**वरुण धवनः** इस तरह का प्लेन सफेद कुर्ता और पायजामा आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस लुक के साथ जब आप तिरंगा पकड़ेंगे तो आपका अंदाज काफी क्लासी दिखेगा।

**वरुण धवन का दूसरा लुकः** आप चाहें तो इस तरह का धोती कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन कैरी कर सकते हैं। ऐसा धोती-कुर्ता आपको स्टाइलिश दिखने में भी मदद करेगा।

**सिद्धार्थ मल्होत्राः** अपने लुक्स की वजह से पहचाने जाने वाले सिद्धार्थ मल्होत्रा का हर लुक कमाल का होता है। खासतौर पर अगर बात करें उनके एथनिक लुक्स की तो आप इससे टिप्स लेकर तैयार हो सकते हैं। उनका ये वर्क वाला कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन के लिए एक परफेक्ट विकल्प है।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा का दूसरा लुकः** इस तरह का पिंक रंग का कुर्ता आपको अलग दिखने में मदद करेगा। इसे आप व्हाइट रंग के पायजामे के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ पैरों में कोल्हापुरी चप्पल ही पहनें।

**कार्तिक आर्यनः** अगर आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स लेंगे तो आपका लुक काफी रॉयल लगेगा। इसके लिए आप हैवी वर्क वाला ऐसा कुर्ता कैरी कर सकते हैं। आपको बाजार में आसानी से चिकनकारी वर्क वाला कुर्ता मिल जाएगा।

**कार्तिक आर्यन का दूसरा लुकः** अगर आप कुछ ऐसा पहनने का सोच रहे हैं, जो सिंपल और सोबर दिखे तो आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। गणतंत्र दिवस के दिन पीले रंग का कुर्ता देखने में कमाल का लगता है।

21 Jan-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 1/21/2024 7:35 PM Page 1





# बड़े मियां छोटे मियां का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने अपनी नई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। इसे देखकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। अक्षय एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में लौट आए हैं। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय की जोड़ी एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ के साथ है। फर्स्ट लुक पोस्टर में जहां अक्षय मूछों में हैं तो वहीं टाइगर क्लीन शेव लुक में हैं। दोनों ने हाथों में गन पकड़ी है और रोबीले अंदाज में नजर आ रहे हैं। अक्षय ने फिल्म का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है और लिखा है बड़े पर्दे पर वापस वही चीज करने आ गए हैं, जो हमारी फेवरेट है यानी एक्शन। बड़े मियां छोटे मियां का टीजर 24 जनवरी को रिलीज होगा।

## लाइफ Style

# अदिति

## शेयर की छोटी काली बोट्टू की स्टोरी

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने छोटी काली बिंदी यानी बोट्टू के बारे में एक दिल छू लेने वाला किस्सा साझा किया है, जिसे पहनने के प्रति शुरुआती अनिच्छा से लेकर एक विशेष लगाव बनने तक वह अब इसे अपनी पसंदीदा के रूप में संदर्भित करती हैं। दिल्ली 6, मर्डर 3, पद्मावत जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाने वाली अदिति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शनिवार को लहंगे में अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा की।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

ब्लैक कलर के लहंगे पर एंब्रॉयडरी का काम है और उन्होंने इसे एक स्वीटहार्ट नेकलाइन वाले मैचिंग ब्लाउज और ट्रांसपेरेंट दुपट्टे के साथ जोड़ा है। अदिति ने न्यूट्रल मेकअप लुक, हैवी ब्रो और न्यूड पिंक लिप्स को चुना। उन्होंने बालों को सिग्नेचर तरीके से स्टाइल किया। एसेसरीज के तौर पर उन्होंने एक हाथ में मल्टीकलर की चूड़ियां और मैचिंग झुमका चुना। छोटी काली बिंदी के बारे में विस्तार से बताते हुए अदिति ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए एक नोट लिखा। एक्ट्रेस ने लिखा, छोटी काली बिंदी! जब मैं छोटी थी तब मुझे कभी बोट्टू हैदराबाद में बिंदी को यही कहा जाता है नहीं पसंद थी। यह भारतीय परंपरा का हिस्सा है। मेरी मां सिंदूर में हल्दी से बना कुमकुम बोट्टू लगाती थी। मैं उन्हें कुमकुम बोट्टू बनाते हुए देखती थीए बस इतना ही और वह बिना किसी मेकअप के चमकने लगती थी। मैं डांस क्लास में जाती थी और बिना किसी झंझट के अपनी साफ सुथरी लंबी चोटी बनाती थी लेकिन मैं बोट्टू नहीं लगाती थी। अदिति ने कहा, कई साल बाद जब मैंने मणि सर के साथ काटरू वेलियिदाई की शूटिंग शुरू की तो मेरे माथे पर छोटी सी काली बिंदी लगाई गई। मेरी रूडोल्फ रेड नोज और मेरा छोटी काली बोट्टू।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पॉट हुईं कान्या वेस्ट की पत्नी

**लॉस एंजेलिस।** रैपर कान्या वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी को हाल ही में एलए की सड़कों पर स्पॉट किया गया। इस दौरान हसीना का बोल्ड लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो एनिमल प्रिंटिंड ऑफ शोल्डर ड्रेस में बेहद हॉट लग रही हैं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ लॉन्ग कोट पेयर किया था। हसीना ने मिनिमल मेकअप, न्यूड लिपस्टिक से लुक को पूरा किया। आउटिंग के लिए कान्या वेस्ट की पत्नी ने लॉन्ग बूट्स पेयर किए थे। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।



# सलमा हायेक के फोटोज एक घंटे में मिले 5 लाख लाइक्स

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस सलमा हायेक ने अपने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की। रिपोर्ट के अनुसार फ्रॉम डस्क टिल डॉन और फ्रिडा की एक्ट्रेस ने जैसे ही तस्वीरें शेयर की, एक घंटे के अंदर पांच लाख से ज्यादा लाइक मिल गए। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि फोटोशूट कब हुआ था। तस्वीरों को शेयर करते सलमा ने लिखा, कुछ लोग कहते हैं कि कभी पीछे मुड़कर मत देखो, लेकिन कभी कभी यह बेस्ट व्यू होता है। फैंस और फ्रेंड्स ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हिस्सा लिया। अमेरिकन एक्ट्रेस केट हडसन ने फायर इमोजी शेयर की। ब्लेक लाइवली ने भी इमोजी शेयर किया जबकि लॉरेन सांचेज ने कमेंट किया। एक अन्य फॉलोअर ने पूछा, मुझे लगा कि आप इस शूट का रीमेक बनाने जा रहे हैं।



# पर्यावरण के अनुकूल फैशन को दिया बढ़ावा

**मुंबई।** फिल्म द केरल स्टोरी की एक्ट्रेस अदा शर्मा सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए नहीं बल्कि अपने अनोखे फैशन स्टेटमेंट के लिए भी सुर्खियों में रहती है। हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर अदा ने एक सिंपल सफेद कुर्ती और आसमानी रंग की पेंट पहनी थी। इस सिंपल लुक में एक्ट्रेस बेहद प्यारी लग रही थीं हालांकि एक्ट्रेस के इस लुक में जिस चीज ने सोशल मीडिया यूजर्स का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा वो थी उनकी घास वाली चप्पलें। अदा बहुत ही फंकी ग्रीन ग्रास स्लिपर्स पहने एयरपोर्ट पर नजर आईं। उनके फैंस का कहना है कि ये चप्पलें पर्यावरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर जोर देती है।अपनी मौलिकता और पारदर्शी व्यक्तित्व के लिए जानी जाने वाली अदा शर्मा का फैशन सेंस काफी बढ़यिा है। इसे वो अपने सबसे जुदा स्टाइल से दर्शाती भी है।




# एडवांस बुकिंग में कमाए 1 करोड़ से अधिक

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की अगली फिल्म फाइटर को लेकर जबरदस्त चर्चा है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद इसे लेकर लोगों की एक्साइटमेंट दोगुनी हो गई है। ऋतिक रोशन की फाइटर अगले कुछ दिनों में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है इस बीच फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है और अब धड़ल्ले से टिकटों की बिक्री हो रही है। फिल्म फाइटर ने रिलीज से पहले ही बंपर कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन के लिए फाइटर के 30 हजार से ज्यादा टिकटें बिक चुकी हैं। सबसे ज्यादा हिंदी 3डी वर्जन के 16.544 टिकट बिकी हैं। वहीं 2डी वर्जन के 11.039 टिकटों की बिक्री हुई है। इस तरह खबर लिखे जाने तक एडवांस बुकिंग में फाइटर के टोटल 30.226 टिकट बिक चुकी हैं, जिससे फिल्म ने रिलीज से पहले ही 1.09 करोड़ की कमाई कर ली है।

# वर्ल्डवाइड गुंटूर कारम का दबदबा 200 करोड़ के क्लब में एंट्री





*मुंबई। महेश बाबू की फिल्म गुंटूर कारम बॉक्स ऑफिस पर छा गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म धुआंधार कारोबार कर रही है। फिल्म ने जहां घरेलू बॉक्स ऑफिस पर दमदार कलेक्शन किया है तो वहीं वर्ल्डवाइड भी फिल्म का दबदबा है। अपने पांच दिनों के कलेक्शन के साथ फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था तो वहीं एक हफ्ते के अंदर ही फिल्म ने दुनियाभर में 200 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है।*

# फिल्म हनुमान मचा रही बाक्स ऑफिस पर धमाल, पहुंची 100 करोड़ के करीब




*मुंबई। तेजा सज्जा की सुपरहिट फिल्म हनुमान को दर्शक काफी पसंद रहे हैं। सुपरहीरो पर बेस्ड डायरेक्टर प्रशांत वर्मा की माइथोलॉजिकल हनुमान 12 जनवरी को सिनेमाघरों रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर धमाल मचाया है। महज कुछ ही दिनों में हनुमान ने अपने कलेक्शन से सभी को हैरान कर दिया है। बॉक्स ऑफिस पर हनुमान को मिल रहे रिस्पॉन्स के बाद कई जगह इसके शोज बढ़ा दिए गए हैं। ऐसे में अब फिल्म 100 करोड़ के आंकड़े को छूने से बस चंद कदम ही दूर है।*

# बेहतर रहा मैं अटल हूं का पहले दिन का कलेक्शन, कमाई में बढ़ोत्तरी की उम्मीद




*मुंबई। रवि जाधव निर्देशित फिल्म मैं अटल हूं में पंकज त्रिपाठी ने अपनी शानदार एक्टिंग से फैंस का दिल जीत लिया है। पंकज ने वाजपेयी का किरदार ऐसे निभाया है कि मानों खुद अटल बिहारी वाजपेयी पर्दे पर उतर आए हों। फिल्म को रिलीज हुए 1 दिन हो चुका है। रिपोर्ट के अनुसार मैं अटल हूं ने अपने ओपनिंग डे पर 1 करोड़ रुपए की कमाई की है। बात फिल्म के टोटल बजट की करें तो खबरों के अनुसार मैं अटल हूं का बजट 20 करोड़ रुपए है साथ ही ये फिल्म कुल 600 स्क्रींस पर रिलीज हुई है।*

# सोनारिका बनेगी दुल्हन, 19 फरवरी को लेंगी सात फेरे



*मुंबई। टीवी एक्ट्रेस सोनारिका भदोरिया शादी करने जा रही हैं। वह अपने मंगेतर विकास पाराशर के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। 2022 में इनकी सगाई हो गई थी। अब ये दोनों सालभर बाद सात फेरे लेने वाले हैं। 19 फरवरी को ये सवाई माधोपुर रणथंभौर में एक दूजे के साथ रहने की कसमें खाएंगे। लेकिन शादी से पहले काफी फंक्शन्स होंगे, जिसकी डिटेल्स खुद एक्ट्रेस ने दी है। सोनारिका ने बताया कि वह और विकास करीब आठ साल से डेट कर रहे थे। उन्होंने कहा, विकास ने मई 2022 में मालदीव में मुझे प्रपोज किया था। हमारे परिवार हमारे लिए बेहद खुश थे लेकिन वह भी इस सेलिब्रेशन का हिस्सा बनना चाहते थे।*

## रामानंद सागर की रामायण के कई सारे किस्से चर्चा में बने हुए हैं

# हनुमान के किरदार के लिए दारा सिंह 9 घंटे का करते थे उपवास

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इस वक्त पूरे देश में बस जय श्री राम की गूंज है। 22 जनवरी के उस ऐतिहासिक दिन का पूरे देशवासियों को बेसब्री से इंतजार है। वहीं एक तरफ जहां अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरो शोरों से चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ रामानंद सागर की रामायण के कई सारे किस्से चर्चा में बने हुए हैं।



**प्रेम सागर ने रामायण को लेकर कही ये बात :** वहीं अब हनुमान का किरदार निभाने वाले दारा सिंह को लेकर कई हैरान कर देने वाली बातें सामने आई हैं। इस बात का खुलासा रामानंद सागर ने बेटे प्रेम सागर ने किया है। एक इंटरव्यू के दौरान प्रेम सागर ने बताया डेडिकेशन के साथ रामायण की पूरी टीम काम किया करती थी। उन्होंने हनुमान के किरदार को लेकर भी कई किस्से शेयर किए।

### एक खास कुर्सी पर बैठते थे दारा सिंह

प्रेम सागर ने ये भी बताया कि पूछ लगाने के बाद दारा सिंह को बैठने में दिक्कत होती थी। इस वजह से उनके लिए एक खास स्टूल तैयार किया गया था, जिसमें एक कट लगा हुआ था ताकि वह अपनी पूंछ के सहारे बैठ सकें। लॉकडाउन के दौरान रामानंद सागर की रामायण खूब चर्चा में आ गई थी। दर्शकों की डिमांड पर इस सीरियल को फिर से टीवी पर प्रसारित किया गया था। वहीं आज भी इस सीरियल को लोग बड़े चाव से देखते हैं।

### किरदार को निभाने के लिए कड़ी मेहनत करते थे

प्रेम सागर ने दारा सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपने इस किरदार को निभाने के लिए कड़ी मेहनत करते थे। वे रोज सुबह 4 बजे सेट पर आ जाया करते थे क्योंकि उनके मेकअप में लगभग तीन से चार घंटे लगते थे। उस दौर में हमारे पास प्रोस्थेटिक्स नहीं हुआ करते थे और हमें लुक हनुमानजी से मैच करना पड़ता था वहीं मेकअप करने के तीन चार घंटे बाद शूट शुरू होता था। इस दौरान वह कुछ भी खा नहीं सकते हैं। ऐसे में दारा सिंह को रोज आठ से नौ घंटे तक भूखा रहना पड़ता था, ये काफी कठिन था।

# पॉलिटिकल ड्रामा आर्टिकल 370 का पोस्टर जारी

**मुंबई।** यामी गौतम अभिनीत और दो बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जंभाले द्वारा निर्देशित आर्टिकल 370 एक हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है, जो आर्टिकल 370 को अप्रभावी बनाकर कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने के इर्दगिर्द घूमता है। टीजर को रिलीज करने की घोषणा करते हुए निर्माताओं ने एक रोमांचक पोस्टर जारी किया, जिसमें यामी गौतम को एक खुफिया एजेंट के आकर्षक अवतार में दिखाया गया है। आर्टिकल 370 एक शैली.परिभाषित फिल्म है, जो पहले कभी नहीं देखे गए तरीके से एक्शन और राजनीति का मेल कराती है। यह प्रेरक कथा भारत सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है, जो उनकी राजनीतिक चतुराई का प्रदर्शन करती है।



## खबर संक्षेप

### नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से आधा दर्जन ट्रेनें रद्द

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रायगढ़ किरोड़ीमल स्टेशनों के मध्य स्थित जेएसपीएल केबिन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जानकारी के अनुसार 23 जनवरी से 25 जनवरी तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08738/08737 बिलासपुर रायगढ़ बिलासपुर मेमू स्पेशल, 22 जनवरी से 24 जनवरी तक बिलासपुर से चलने वाली गाडी संख्या 08736 बिलासपुर रायगढ़ मेमू स्पेशल 23 जनवरी से 25 जनवरी तक रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08735 रायगढ़ बिलासपुर मेमू स्पेशल को रद्द किया गया है। 23 जनवरी से 25 जनवरी तक गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 23 जनवरी से 25 जनवरी तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा गोंदिया मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगुड़ा बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

### ओडेकेरा में अवैध शराब पर पुलिस ने की कार्रवाई

**पुसौर।** पुसौर थाना मुख्यालय के करीब के ग्राम ओडेकेरा में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की जानकारी सामने आई थी इस तथ्य को लेकर टीआई ध्रुव एवं उनका टीम ने ग्राम ओडेकेरा में दबिश दी। सुचना और सुत्रों के मुताबिक इन्होंने उन्हीं घरों में पहुंचे और उनके घर के चप्पा चप्पा छान मारा। बताया जा रहा है कि टीआई एवं उनका टीम कई घरों और छतों में जाकर लाहन और कच्ची शराब का पता लगाने की कोशिश की। ज्ञात हो कि बढते नशे की लत को लेकर शासन संवेदनशील है और इसलिए इसमें नकेल कसने पुरजोर कोशिश की जा रही है।

### आज मांस बिक्री बंद सीएम ने दिए निर्देश

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। श्री साय के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। इसी प्रकार राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल द्वारा इस तिथि को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसके साथ साथ 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में भी शुष्क दिवस घोषित किया गया है। सभी शुष्क दिवसों में जिले की मदिरा दुकानों, देशी मदिरा गोदाम और होटल बारों में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### मंदिर में तोड़फोड़ कार्रवाई की मांग

**रायगढ़।** खरसिया के ग्राम नहरपली मे सरकारी तालाब के पास स्थित शिव जी की मंदिर है जिससे ग्राम जनो और लोगो द्वारा मंदिर मे पूजा की जाति है। इससे गांव के लोगो की अस्था जुड़ी हुई है और शिव शंकर जी की पूजा की जाति है, जिसमे आज तोड़ फोड असमाजिक तत्वों द्वारा की गयी है जिसमे भगवान शंकर की मूर्ति, नंदी की मूर्ति और गुम्बत को तोड़ दी गई है। यहां कंपनी होने के कारण बाहर से भी लोग आकर रहते है और शांत फिजां में दूषित वातावरण फैला रहे है गांव के लोगो मे इसको लेकर आक्रोश बढ़ गया है जिसकी शिकायत भी भूपदेवपुर थाना मे कर दी गई है और थाना प्रभारी द्वारा भी आश्वास्त किया गया है। इस पर उचित कार्रवाई करके दोषी को उचित सजा दी जाएगी। शिकायत करने वालों में ग्राम के तेजस पटेल, धर्मेश नायक, धर्मेश सिदार, विकास खड़िया, दिगंबर राठिया, करण राठिया और समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

## एनेस्थीसिया का दिया ओवर डोज, पत्नी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

# पत्नी ने ही किया विश्वासघात, सहेली पुरूष मित्र के साथ मिलकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ कॉलोनी निवासी राजेश विश्वास की संदिग्ध मौत का खुलासा पुलिस ने कर दिया। इस हत्याकांड में आरोपी महिला प्रिया विश्वास ने ही अपने पति की हत्या की साजिश रचते हुए बालाजी अस्पताल रायपुर के एक पुरूष स्टॉफ नर्स, अपनी सहेली सहित एक अन्य पुरूष मित्र के साथ मिल कर एनेस्थीसिया का ओवर डोज देते हुए राजेश की हत्या कर दी। इस मामले में धारा 302, 201, 120बी के तहत अपराध दर्ज कर सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि बीते 16 जनवरी को धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित धर्मजयगढ़ कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय राजेश विश्वास का शव उसके घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक जांच में जुट गई।

**खास बात**

- धरमजयगढ़ हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों द्वारा हार्ट अटैक की संभावना जताई जा रही थी परंतु धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही दौरान मृतक के सीने में 6 बारीक निशान देखे गए जो किसी सिरिंज या सूईनुमा वस्तु से आना संभव प्रतीत हो रहा था। जब इस मामले में पुलिस ने बारिकी से जांच शुरू की तो पुलिस अधिकारी भी आश्चर्यचकित रह गए। दरअसल राजेश विश्वास के साथ उसकी पत्नी ने ही विश्वासघात करते हुए उसे अपनी सहेली, झोलाछाप डॉक्टर और एक पुरुष मित्र के साथ मिलकर हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दी। इस हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में उपयोग किए गए मोटर साइकिल, इंजेक्शन, मोबाइल सहित अन्य सामानों को भी बरामद करते हुए पुलिस ने जब्त कर लिया है।



मीडिया के समक्ष मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी, गिरफ्त में चारों आरोपी।


मृतक व आरोपी पत्नी।

### पत्नी की भूमिका रही संदिग्ध

पीएम में मृतक के शरीर परप जहां जहां इजेक्शन के निशान थे, वहां के इंटरनल बॉडी पार्ट्स पर नुकसान होना दिखा। विशेषकर हार्ट को चोट पहुंचने के कारण आंतरिक रक्तस्राव के कारण मृतक की मृत्यु होने की संभावना डॉक्टर्स द्वारा जताई गई। वहीं मामले की पेचीदगी और गंभीरता के मद्देनजर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा की मॉनिटरिंग में साइबर की एक टीम को भी साक्ष्य संकलन हेतु लगाया गया। प्रारंभिक पूछताछ में ही मृतक की पत्नी प्रिया विश्वास की भूमिका संदिग्ध लग रही थी क्योंकि मोबाइल में काफी डिलीटेड डाटा दिखा जिसे रिकवर करने के बाद घटना दिनांक के दौरान मिली। गतिविधियों ने शक को और पुख्ता किया, जिसके बाद प्रिया से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने हत्या की बात को स्वीकारा।

### इलाज कराने गए, हुई दोस्ती

आरोपी पत्नी का कबूलनामा सुन कर सभी स्तब्ध रह गए। दरअसल कई महीने पहले पति राजेश अपनी लीवर संबंधी समस्या के चलते पत्नी प्रिया के साथ रायपुर स्थित बालाजी हॉस्पिटल गए थे। जहां राजेश लगभग एक माह तक एडमिट रहा। वहीं उसकी पत्नी प्रिया और ट्रॉमा के स्टाफ नर्स फिरीज यादव, उर्फ कृष, उर्फ बब्लू उर्फ त्रिस यादव पिता बालेश्वर यादव उम्र 24 साल निवासी गोपाल भौना थाना कोसीर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ हाल मुकाम दलदल सिवनी थाना मोवा जिला रायपुर के मध्य दोस्ती हुई। फिरिज यादव उर्फ कृष अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स में स्वयं को डॉक्टर होना और एक फर्जी क्लिनिक का भी लोधीपारा क्षेत्र में संचालन करता है। प्रिया के बताए अनुसार जब भी राजेश को चेकअप कराने बालाजी हॉस्पिटल जाते इनकी मुलाकात होती और इस तरह दोस्ती और बातचीत का सिलसिला उसके बाद से चलता रहा।

### इस तरह रची हत्या की साजिश

प्रिया के मुताबिक फीरिज उसका हमदर्द है जब भी उसका पति शराब पीकर उसे प्रताड़ित करता वह अपने दोस्त फिरिज से बात करके उसे आपबीती बताती। वहीं प्रिया की पड़ोस की मित्र पायल विश्वास भी फिरीज यादव से प्रिया के माध्यम से जुड़ने के बाद बातचीत करने लगी थी। प्रिया और पायल उर्फ मोनी विश्वास पति संजय विश्वास उम्र 28 साल निवासी धरमजयगढ़ ने तय करके फिरिज से बात की और अपने एक अन्य दोस्त शेख मुईन राजा पिता शेख अकरम परवेज 20 साल निवासी बेहरापारा वार्ड नंबर 9 धरमजयगढ़ को भी सारी बात समझाकर एनेस्थीसिया के ओवरडोज के जरिए राजेश की हत्या का प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक फिरीज के रुकने की व्यवस्था करने पायल ने कुछ पैसे नगद और फोन पे के जरिए मुईन को दिए थे जिसने स्वयं के स्थानीय होने का फायदा उठाते हुए धरमजयगढ़ के होटल सीएम पार्क में अपनी आईडी से फर्जी गेस्ट के नाम से रूम बुक किया था।

### सीने में एनेस्थीसिया इंजेक्ट कर की हत्या

जानकारी के अनुसार फिरीज यादव उर्फ कृष बस से 14 जनवरी को रात में धरमजयगढ़ पहुंचा और मुईन ने उसे होटल में रुकवाया। बाद में व्हाट्सएप कॉल के जरिए बात करते हुए चारों ने 15 की रात तक राजेश की गतिविधियों और रूटीन पर नजर रखी। 15 जनवरी की रात को जब राजेश शराब पीकर सो गया। उसके बाद प्रिया और पायल ने अपने साथियों मुईन और कृष को खबर की। जिसके बाद मुईन कृष को अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर धरमजयगढ़ कॉलोनी स्थित राजेश विश्वास के घर आया। जहां पायल ने बाहर रेकी की तो प्रिया ने राजेश के पैरों को पकड़ा और मुईन ने हाथों को और फिरीज उर्फ कृष ने पहले से तैयार कर लाए दवाइयों के वाइल को राजेश के सीने में तीन जगहों पर इंजेक्ट कर दिया। राजेश की मृत्यु सुनिश्चित करने के लिए ओवरडोज बढ़ाने फिरिज ने राजेश के सीने में दोबारा तीन बार और इंजेक्ट किया। जिसके बाद राजेश विश्वास का शरीर शिथिल पड़ गया और 15 मिनट के इंतजार के बाद फिरिज उर्फ कृष ने राजेश की नब्ज चेक कर उसके मरने की पुष्टि की।



## पुसौर के कसेर समाज की थाली में लगेगा श्रीराम को भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

भगवान श्रीराम को भांचा मानने की परंपरा निभाया कसेर समाज, श्रीराम सीता मूर्ति अंकित कांस थाली में भगवान को लगेगा भोग।

नगर पंचायत पुसौर के कसेर समाज एक राय होकर भगवान राम के प्रति एक श्रद्धा और समर्पण अवगत कराने साथ ही अपने कास्य कला को भगवान के समक्ष भेंट करने 5-5 किलो के 2 थाली निर्माण करते हुये उसमें श्रीराम सीता की मूर्ति अंकित कर अयोध्या भिजवाने की व्यवस्था देने अपने क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री ओपी चैधरी के सेवा में प्रस्तुत हुए।

जिसमें कसेर समाज के वरिष्ठ व सेवा निवृत्त शिक्षक बलराम महाणा, समाज के अध्यक्ष अंशु साव, पूर्व पार्षद सुरेश महाणा, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव, अंनतराम साव, अशोक साव, कन्हैया साव शामिल रहे वहीं इसमें अन्य सहयोगी के रूप में दिनेश कंसारी, नारायण साव, प्रविण महाणा, संजु साव, विजय महाणा, अलेख साव, रतन साव, प्रदीप साव, अमरेश कसेर, नरेश कसेर, संतोष साव नकुल महाणा, भागवत साव, पुष्पेन्द्र महाणा, अन्तर्यामी महाणा, बद्री महाणा, अनिल महाणा, सुमित साव, नवीन साव, मुरारी महाणा, जयंत कसेर, बल्लभ साव, जयदेव साव, सहदेव साव, बांछावट साव, नरेन्द्र कसेर, श्रवण कसेर, मुकेष महाणा, सहित समस्त कसेर समाज के लोग रहे। यह सर्वविदित है कि छत्तीसगढ, भगवान राम का ननिहाल है इस आषय से ये यहां के भांचा हुए और जब उनका नया घर अर्थात मंदिर बन कर तैयार है और वे गृह प्रवेश कर रहे हैं तो लौकिक दृष्टिकोण से अपने प्रदेश की एक बडी जिम्मेदारी बनती है जिसमें कसेर समाज एक छोटे से अंश के रूप में अपने को इसमें शामिल किया है। कांस थाली में भगवान श्रीराम और माता सीता जी की प्रतिमा उकेरने का कार्य चांपा निवासी कु. प्रतिभा कसेर द्वारा किया गया जो इस तरह कई प्रकार के चित्रकारी कांस के बर्तनों में करते रहे हैं।

### ग्राम औरदा में लगा पुलिस का जनचौपाल

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के अति संवेदनशील ग्राम औरदा में बीते दिनांक को पुसौर थाना प्रभारी एस आर ध्रुव ने अपने टीम के लोगों के साथ चौपाल लगाया। जिसमें सरपंच शुक्लांबर सारथी, अन्य पंचायत पदाधिकारी सहित ग्रामीण जन मौजुद रहे। टीआई ध्रुव से लिए गए जानकारी के मुताबिक चौपाल का लक्ष्य लोगों को जागरूक करना है इस इरादे से प्रत्येक ग्राम में चौपाल का आयोजन जारी है। आये दिन अवैध शराब बिक्री, जुआ सट्टा, आन लाईन ठगी और साईबर क्राईम का मामला सामने आते रहा है इस आधार पर औरदा के चौपाल में थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव ने उपस्थित लोगों से मुखातिब होकर कहा कि अपनी गंभीर जानकारी किसी अनजान से बिल्कुल ही साझा न करें इसी कडी में इन्होंने अवैध शराब निर्माण करने वाले लोगों पर कडी कार्रवाई की चेतावनी दी।

## हितग्राही मूलक योजनाओं का सभी पात्र लोगों तक पहुंचे लाभः कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला व जनपद पंचायत के साथ विद्युत एवं क्रेडा विभाग की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

- पीएम आवास निर्माण का लक्ष्य जल्द करें पूरा, बीमा योजनाओं का मिले फायदा



कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले के अधिकांश प्रमुख हितग्राही मूलक योजनाएं पंचायतों के माध्यम से संचालित होती है।

लोगों को अधिकतम लाभ मिले, इसके लिए आवश्यक है कि पंचायत के सभी अमले जमीनी स्तर पर पूरी क्षमता से इन योजनाओं का क्रियान्वयन करें। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी सीईओ जनपदों से कहा कि अपने स्तर पर लगातार कार्यों की मॉनिटरिंग करें। कही से भी लापरवाही की बात नहीं आनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने पीएम आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम आवास शासन की महत्वपूर्ण योजना हैं, इसमें अपूर्ण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करें। कार्य में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन मकानों के लिए राशि जारी हो गई है, उसका काम तत्काल पूर्ण कराए। कलेक्टर श्री गोयल ने धरमजयगढ़ तथा लैलूंगा विधानसभा में विशेष रूप से फोकस करते हुए काम करने के लिए कहा जिससे अपूर्ण आवास शीघ्र पूरे किए जा सकें। उन्होंने पिछले सप्ताह के दौरान हुए प्रगति को लेकर विभाग की सराहना की और कहा कि इसी गति से शेष आवासों का निर्माण भी पूरा करें। उन्होंने मनरेगा में 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवारों के प्रतिशत की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह योजना गांवों में लोगों के रोजगार से जुड़ी है। इसमें प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि को बढ़ाने के लिए कार्य करें। जिन विकासखण्डों में लक्ष्य पूर्ण नहीं हुए है वहां सीईओ जनपद विशेष रूप से इसके लिए प्रयास करें।

कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली।

### अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्री गोयल ने विद्युत विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। रायगढ़ जिले में हाथी प्रभावित क्षेत्र में मिडस्पान पोल लगानेए केबल लगाने एवं अन्य व्यवस्थित कार्य के बारे में अद्यतन प्रगति के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों के लिए दिए गए कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें तेजी से पूरा करें। कलेक्टर श्री गोयल ने जिले में विद्युत वितरण व्यवस्था के बारे में पूछा। उन्होंने गर्मियों में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहे इसके लिए मेन्टेंनेस के साथ ट्रांसफार्मर तथा दूसरी मशीनरी की पर्याप्त व्यवस्था रखने के लिए कहा जिससे विद्युत आपूर्ति में दिक्कत न हो। कलेक्टर श्री गोयल ने निगरानी टीम गठित कर अवैध बिजली कनेक्शन व हुकिंग जैसे मामलों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### फाइलेरिया के बचाव को लेकर बैठक आयोजित

**रायगढ़।** हाथी पांव फाइलेरिया के बचाव एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा माह फरवरी में समुदाय के समस्त व्यक्तियों को दवा खिलाने हेतु निर्देश जारी हुआ है। जिसके अंतर्गत विकास खंड पुसौर में भी कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक के दिशा निर्देशन में विकासखंड के समस्त स्वास्थ्य मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, समस्त चिकित्सक, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, ग्राम पंचायत के सचिव, जीपीडीपी के सदस्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त कर्मचारी एवं जनपद पंचायत पुसौर के समस्त कर्मचारियों का प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीके चंद्रवंशी द्वारा बताया गया कि हाथी पांव फाइलेरिया से बचाव के लिए समस्त लक्षित जनसंख्या को एक साथ दवा सेवन करना आवश्यक होता है। इसे सामूहिक दवा सेवन कहा जाता है। जिससे समुदाय में रोग प्रसार को रोका जा सके। इसके लिए 02 साल से कम उम्र, गर्भवती महिलाएं अत्यधिक बीमार व्यक्तियों को छोड़कर बाकी समस्त जनसंख्या को स्वास्थ्य मितानिन द्वारा प्रथम 05 दिवस बूथ में तत्पश्चात 05 दिवस तक घर भ्रमण कर दवा सेवन करवाया जाना है।

## भुईकुर्री व राबो में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों का उत्साह


शिविर में शामिल अधिकारी व ग्रामीणजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य जनपद पंचायत तमनार में विकसीत भारत संकल्प यात्रा 19 जनवरी को ग्राम पंचायत भुईकुर्री व राबो में ग्रामीणजनो का भारी उत्साह देखा गया। संकल्प यात्रा टीम को कर्मा नृत्यक दल गाजे बाजे के साथ आरती उतारकर पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर अतिथियों का स्वागत सत्कार के बाद स्वच्छता शपथ लिया गया। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जानकारी के साथ लाभ लेने प्रेरित किया गया। जागरूकता रथ में प्रोजेक्टर में माध्यम से योजनाओ की जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओ प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, जन धन, आयुष्मान भारत, अमृत जल मिशन स्वच्छ भारत मिशन अन्य योजनाओं की जानकारी के साथ जो पात्र छूट गए है उनका आवेदन भर कर योजना का लाभ लेने आव्हान किया गया। विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियो ने उनके सफलता पर मेरी कहानी मेरी जुबानी बताने पर ग्रामीणजन भी उत्साहित हुए। बेटियो द्वारा मनमोहक गीत, सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुति से अतिथिगण ग्रामीण गदगद हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूर्व विधायक सुनीति राठिया ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। इतने कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरूकता की कमी से या दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।

ऐसे लोगों तक पहुंचना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए मोदी की गारंटी की ये गाड़ी गांव गांव जा रही है। इस आंदोलन का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के करीब लाने का साहसिक संकल्प लेना है। यह इस बात पर जोर देता है कि विकसित भारत की ओर यात्रा एक व्यक्तिगत प्रयास नहीं है बल्कि सभी वर्गों के लोगों को शामिल करने का एक सामूहिक प्रयास है।

## पीएम के बाद परिजन को शव देने पैसों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला अस्पताल में मृतक के पोस्टमॉर्टम के बाद शव देने के लिए रुपये की मांग किए जाने का मामला सामने आया है।

यहां बुधवार 17 जनवरी को एक पोस्टमॉर्टम के लिए करीब दो हजार रुपये की डिमांड की गई। ऐसे में परिजनों ने पैसा नहीं होने की बात कही जिसके बाद ग्रामीणों ने एक हजार रुपए दिए लेकिन हॉस्पिटल वाले इतने में नहीं माने और उनसे 1,600 रुपए ले लिए ।हॉस्पिटल ने पैसे लेने के बाद भी देर शाम तक परिजनों को शव नहीं दिया, जिसके बाद परिजनों ने इसकी शिकायत अस्पताल चौकी में की।जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली 50 वर्षीय धनमति राठिया की जहर खाने से मंगलवार की रात मौत हो गई थी। मेडिकल कॉलेज में मौत होने के बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इधर सुबह से पोस्टमॉर्टम का इंतजार करते हुए परिजन परेशान हो गए तो अस्पताल में तैनात कर्मियों से बात की तो उन्होंने परिजनों से दो हजार रुपये की डिमांड कर दी। ऐसे में परिजन और ग्रामीणों ने पैसा न होने की बात कहते हुए एक हजार रुपए दिए लेकिन उन्होंने फिर करीब 1600 रुपए लेने के बाद परिजनों को शव सौंपा। वहीं पैसे की मांग से परेशान होकर पीड़ित परिजनों ने देर शाम इसकी शिकायत अस्पताल चौकी में की।

## चोरी गए 13 मोबाइल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना प्रभारी चक्रधरनगर को उनके सक्रिय मुखबिर ने छोटे अतरमुड़ा के संजू चक्रवर्ती और दीपक महंत नाम के पास काफी संख्या में चोरी के मोबाइल रखे होने की सूचना दिया, दोनों लड़के ने चोरी के मोबाइलों को सैकेंड हैंड में बिक्री के लिए कुछ लोगों से चर्चा किए थे। थाना प्रभारी द्वारा थाने से प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन के स्टाफ को तस्दीक और कार्यवाही के लिए तत्काल रवाना किया गया। चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर मोबाइलों बिक्री करने के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया जिसमें वे चक्रधरनगर, टीवीटावर, छोटे अतरमुड़ा क्षेत्र में घरों से मोबाइलों की चोरी कर घर पर छुपा कर रखना बताया। पुलिस ने गवाहों के समक्ष दोनों संदेही संजू चक्रवर्ती और कबीर दास महंत के घर से 13 चोरी की मोबाइल बरामद किया गया है।

आरोपियों से जप्त मोबाइल की बाजार कीमत करीब 65,000 है। दोनों आरोपियों पर थाना चक्रधरनगर में धारा 41(1+4) 379 की कार्यवाही कर कोर्ट पेश किया गया। आरोपी कबीर दास पिता स्व. संतोष महंत उम्र 19 साल अभिनव स्कूल के पास छोटे अतरमुड़ा पूर्व में भी चोरी के चोरी की अपराध में शामिल रहा है और आरोपी संजू चक्रवर्ती पिता दीपक चक्रवर्ती उम्र 20 साल जिला पंचायत के पीछे छोटे अतरमुड़ा को वर्ष 2022 में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मारपीट के अपराध में चालान किया गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोनए रवि साय, आरक्षक मनिकेतन पटेल, अभय यादव, शांति मिरी, रंजीत भगत की विशेष भूमिका रही है।

